व्यास द्विकोंणयो रत्याकाराः, द्वात्रिंशत्-सुराज्याकाराः।
संति सहस्त्रोत्सेध विदेहाः, मूलयोजन तुर्यांश सुगेहाः।।९।।
वापीनां परितो वन सारं, भात्यशोकं सप्तच्छदतारं।
चंपक केतकि हंसमरालं, अष्टसुवर्ग प्रमाण विशालं।।१०।।
वनमध्ये चैत्यादिक वृक्षं, दिक्षु भाति सुजिनवर दक्षं।
पल्यंकासन स्थितसुर पूज्यं, शुभं रत्नं प्रभनत सुरराजं।।११।।
अंजन दधिमुख रतिकर सकले, भ्राजंते श्री जिनगृह विपुले।
योजनशत काया महिमाभाः, पंचाशद्वासा मणि शोभाः।।१२।।
पंचसुसप्तति तुंग विशालाः, प्रद्योतित दिङ्मुख परशालाः।
षोडश योजन द्वारोत्सेधं, विसृत वर सुयोजन सिद्धं।।१३।।
तोरण पार्श्व-ररयो भांति, अष्टयोजन कामा सुकांति।
चतुर्विंशति प्रोक्ता परमा, मानस्तंभे अग्रे कामा।।१४।।
भांति गोपुर तोरण त्रिशाला, स्तूप धूप घट ध्वज समराला।

तेमध्ये जिन प्रतिमा तुंगा, चाप पंचशत मूर्ति विभंगा।।१५।।
अष्टागृह शत संख्या गेहं, प्रतिभाति गतकलिमलदेहं।
सिंहासन प्राकीर्णक वरछत्रं, प्रातिहार्य भृंगादिक पात्रं।।१६।।
धवले बाहुल मासित पक्षे, आषाढ़े शुक्लाष्टमि दिवसे।
तत्रागच्छंति सुरनाथाः, साप्सरा वाहनारूढक पंथाः।।१७।।
जिनपूजां रचयंति सुधीराः, अष्टविधार्चन कृत विधिसाराः।
प्राङ् मूर्तेर्जल स्नपनं कृत्वा, किल्विष दूरमनेनेति-मत्वा।।१८।।
याम द्वय प्रत्यास-मनेन, विधिनाखण्डल प्रतिमातेन?
स्तुवंति प्रतिमा विबुधेशाः, गान तानगंधर्व सुरेशाः।।१९।।

अथ प्राकृते

व्यन्तरा जोतिसा सग्गसोहाकुला।
किन्नरा गाय कामिनी संगाकुला।।
धों धों धपमय वज्जये मादृला।
णच्चए इन्दु इंदाणी संगाकुला।।२०।।
तिं तिं तिं तिणि सद्द सोहाकुला।
झिगि झिगि झल्लरि ढोल रसाकुला।।
तें तें ताल कंसाल वीणाकुला।
णच्चए इन्दु इन्दाणी संगाकुला।।२१।।
थें थें जम्पए नारयो तम्बुरो।
रुणुंझुणु झंकरो किंकिणी सुन्दरो।।
जोइ सानन्द सुराव - रसाकुला।
णच्चए इन्दु इन्दाणी सङ्गाकुला।।२२।।

पस्सइ कामिणी वर मणोमोहणी।

हस्सइ हासविलासइ गजगामिणी।

सोहि आहार मन्दार मुक्ताकला।

णच्चए इन्दु इन्दाणी सङ्काकुला।।२३।।

कुणइ अट्ठदिवर्सेहि पूय विहवरं।

जन्ति णियवासयं णिम्मलं भाधरं।

पुण्ण उपावइ सब देव देवी गणा।

णच्चए इन्दु इन्दाणी सङ्काकुला।।२४।।

सुदीप्यभासुरं हि द्वीपनन्दीश्वरम्-

जिनेन्द्रचन्द्रंधरं कलाधरं परम्-परम्।

सुभक्तितोहि पूजये परापरं जिनालयम्

सुधर्मभूषसायरं सुरेन्द्रकीर्तिचर्चितं।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्व पश्चिमोत्तर दक्षिणे द्वापञ्चाशज्जिनालयेभ्य: जयमाला महार्घं निर्वमामीति स्वाहा।

नन्दीश्वराष्टमे द्वीपे, जिनगेहे शुभाप्तये।

ऋद्धि सिद्धि शिवकारं, 'विशद' भावेन् पूजितं।।

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

इति नन्दीश्वरपूजा उद्यापन सम्पूर्णम्।।

●

आचार्य श्री विशदसागर जी का अर्घ्य

प्रासुक अष्ट द्रव्य हे गुरुवर! थाल सजाकर लाये हैं।
महाव्रतों को धारण कर लें मन में भाव बनाये हैं।।
विशद सिंधु के श्री चरणों में, अर्घ्य समर्पित करते हैं।
पद अनर्घ हो प्राप्त हमें गुरु, चरणों में सिर धरते हैं।।

ॐ ह्रूँ 108 आचार्य श्री विशदसागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

श्री नन्दीश्वर द्वीप समुच्चय पूजन (हिन्दी)

स्थापना

मध्य लोक के मध्य सुमेरू, जम्बू द्वीप में अपरम्पार।
लवण समुद्र घेरता जिसको, दीप से दुगुना गोलाकार।।
अष्टम द्वीप रहा नन्दीश्वर, चारों दिश अंजन गिरि चार।
दधिमुख सोलह बत्तिस रतिकर, गिरि पे जिनगृह अतिशयकार।।
दोहा–आह्वानन जिनगेह जिन, का करते हम आज।
पूजा करते भाव से, तारण तरण जहाज।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्विपञ्चाशज् जिनालय अत्र अवतर अवतर संवौषट् (आह्वाननं)
ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्विपञ्चाशज् जिनालय अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः (स्थापनं)
ॐ ह्रीं नन्दीश्वर द्वीपे द्विपञ्चाशज् जिनालय अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्(सन्निधापनं)

(मोतियादाम छन्द)

कलश में भरके लाए नीर, नाश हो त्रय रोगों की पीर।
पूज्य नन्दीश्वर के जिनधाम, भाव से करते विशद प्रणाम।।१।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः जलं निर्व. स्वाहा।

घिसाए चंदन खुशबूदार, भ्रमण नश जाए मम् संसार।
पूज्य नन्दीश्वर के जिनधाम, भाव से करते विशद प्रणाम।।२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः चन्दनं निर्व. स्वाहा।

धुवाए अक्षत के यह पुंज, सुपद अक्षय का पाएँ निकुंज।
पूज्य नन्दीश्वर के जिनधाम, भाव से करते विशद प्रणाम।।३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः अक्षतान् निर्व. स्वाहा।

पुष्प यह चढ़ा रहे हम आज, नाश हो काम रोग साम्राज्य।
पूज्य नन्दीश्वर के जिनधाम, भाव से करते विशद प्रणाम।।४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः पुष्पं निर्व. स्वाहा।

बनाए चरु यह शुभ रसदार, क्षुधा रूज हो जाए अब क्षार।
पूज्य नन्दीश्वर के जिनधाम, भाव से करते विशद प्रणाम।।५।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

लिया अग्नी से दीप प्रजाल, मोह का नशे पूर्ण जंजाल।
पूज्य नन्दीश्वर के जिनधाम, भाव से करते विशद प्रणाम।।६।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: दीपं निर्व. स्वाहा।

अग्नि में जला रहे यह धूप, सुपद हम पाएँ विशद अनूप।
पूज्य नन्दीश्वर के जिनधाम, भाव से करते विशद प्रणाम।।७।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: धूपं निर्व. स्वाहा।

चढ़ाते फल ये विविध प्रकार, मोक्ष फल पाएँ हम अविकार।
पूज्य नन्दीश्वर के जिनधाम, भाव से करते विशद प्रणाम।।८।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: फलं निर्व. स्वाहा।

अर्घ्य यह चढ़ा रहे शुभकार, सुपद शास्वत पाएँ शिवकार।
पूज्य नन्दीश्वर के जिनधाम, भाव से करते विशद प्रणाम।।९।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा–शांती धारा दे रहे, यमुना का ले नीर।
भाते है यह भावना, पाएँ भव का तीर।।

शांतये शांति धारा

दोहा–पुष्पाञ्जलि कर पूजते, हैं चौबिस भगवान।
अर्चा कर हमको मिले, शिव पद का सोपान।।

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

अर्घ्यावली

(शम्भू छन्द)

नन्दीश्वर संज्ञकव्रत पावन, करें अष्टमी को (जो जीव) उपवास।
फल पाएँ दशलाख उपासों, का मन में धारें विश्वास।।१।।

ॐ ह्रीं नंदीश्वरद्वीपे द्वापंचाशज्जिनालये नंदीश्वरोपवासाय दशलक्षोपवास फलप्रदाय अष्टाह्निकव्रतोद्योतनाय जलादि अर्घं।।१।।

एक भुक्त नौमी को करके, महा विभूती संज्ञक जाप।
दश सहस्त्र उपवासों का, फल पाते करने वाले आप।।२।।

ॐ ह्रीं नंदीश्वरद्वीपे द्वापंचाशज्जिनालये महाविभूतिनामोपवासाय दशसहस्त्रोपवासफलप्रदाय अष्टाह्निकव्रतोद्योतनाय जलादि अर्घं।।२।।

दशमी को कांजिक आहारी, त्रिलोक सार संज्ञक शुभकार।
व्रतधारी छह लाख उपासों, का फल पाएँ अपरम्पार।।३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापंचाशज्जिनालये त्रिलोकसारनाम शोषकाय षष्ठिलक्षोपवासफलप्रदाय अष्टाह्निकव्रतोद्योतनाय जलादि अर्घं।।३।।

एकदशि को ऊनोदर व्रत, करें चतुर्मुख संज्ञक जाप।
पंच लाख उपासों का फल, पाके कटते उनके पाप।।४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापंचाशज्जिनालये चतुर्मुखनामशोषकाय पंचलक्षोपवासफलप्रदाय अष्टाह्निकव्रतोद्योतनाय जलादि अर्घं।।४।।

बारस का व्रत करें जाप शुभ, पंच महा लक्षण है नाम।
लाख चुरासी उपवासों का, फल पावें कहते भगवान।।५।।

ॐ ह्रीं नंदीश्वरद्वीपे द्वापंचाशज्जिनालये पंचलक्षणनाम शेषकायपंचाशल्यलक्षोपवासफलप्रदाय अष्टाह्निकव्रतोद्योतनाथ जलाद्यर्घं।।५।।

लें रस अम्ल त्रयोदशी व्रत में, स्वर्ग सोपान सुसंज्ञक जाप।
चालिस लाख उपावासों का फल, पाके नाशें निज संताप।।६।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापंचाशज्जिनालये स्वर्गसोपाननाम शोषकाय चत्वारिंशल्लक्षोपवास फलप्रदाय अष्टाह्निकव्रतोद्योतनाय जलाद्यर्घं।।६।।

सिद्धचक्र संज्ञक जप करके, होंय सप्तमी को व्रतवान।
लक्षोपवास का फल वे पावें, सकल प्राप्त हो बोधिनिधान।।७।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापंचाशज्जिनालये सर्वसम्पन्नानामोपवासाय लक्षोपवासफल प्रदाय अष्टाह्निक व्रतोद्योतनाय जलादि अर्घं।।७।।

होय उपोसक पूनम के दिन, इन्द्र ध्वज संज्ञक जाप विशेष।
त्रय कोटी लख पंच उपासों, का फल पावें कहें जिनेश।।८।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापंचाशज्जिनालये इन्द्रध्वजनामोपवासाय त्रिकोटिपंचलक्षोपवास-फलप्रदाय अष्टाह्निकव्रतोद्योतनाय अर्घ्यं निर्व०।।८।।

जल गंधाक्षत पुष्प सुचरु शुभ, दीप धूप फल का ले अर्घ्य।

''विशद'' भाव से करें समर्पित, पावें वे भी सुपद अनर्घ्य।।९।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापंचाशज्जिनालये अष्टाह्निकव्रतोद्योतनाय पूर्णार्घं।।९।।

जयमाला

दोहा—नन्दीश्वर शुभ द्वीप है, काल अनादि त्रिकाल।
भाव सहित जिन धाम की, गाते हैं जयमाल।।

चौपाई

एक सौ तिरेसठ लाख चौरासी, लाख योजनों द्वीप विभासी।
अंजन सम अंजनगिरि जानों, चार दिशा में चार हैं मानों।।१।।
इन्द्र नील मणि के कहलाए, सहस चौरासी ऊँचे गाए।
चारों दिशा वापिका गाई, लख योजन जल पूरित भाई।।२।।
दधिमुख वापी मध्य बताए, दश सहस्र योजन के गाए।
बाह्य कोंण वापी के सोहें, रतिकर गिरि जिनमें मन मोहें।।३।।
एक सहस्र ऊँचे जो गाए, आठों अचल समान बताए।
तप्त स्वर्ण सम हैं शुभकारी, जिनगृह गिरियों पे मनहारी।।४।।
पर्व अठाई में सुर जाते, भक्ति भाव से पूज रचाते।
गाते हैं जो भजनावलियाँ, जन मन की खिल जावें कलियाँ।।५।।
मानव वहाँ नहीं जा पाते, कृत्रिम रचना यहाँ बनाते।
भक्ति भाव से पूज रचाते, अतिशयकारी पुण्य कमाते।।६।।

दोहा—तीन योग से पूजते, जिनगृह श्री जिनबिम्ब।
जिनकी अर्चा कर विशद, पाएँ निज प्रतिबिम्ब।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्विपञ्चाशज ्जिनालय जिनबिम्बेभ्यो: जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

इत्याशीर्वाद:

●

पूर्व दिश जिनालय पूजा

स्थापना

गोलाकार द्वीप नन्दीश्वर, जिसमें पूर्व दिशा शुभकार।
अंजन गिरि है मध्य चतुर्दिश, सजल वापिकाएँ मनहार।।
जिनमें दधिमुख शोभा पावें, जिनके बाह्य कोणों में जान।
रतिकर गिरियों में जिनमंदिर, का हम करते हैं आह्वान।।
दोहा–तेरह जिनगृहपूर्व के, पूज रहे हम आज।
पूजा करते भाव से, पाने शिव साम्राज।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय अत्र अवतर अवतर संवौषट् (आह्वाननं)
ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः (स्थापनं)
ॐ ह्रीं नन्दीश्वर द्वीपे पूर्वदिक्जिनालय अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् (सन्निधापनं)

(सखी छन्द)

यह नीर कलश भर लाए, भव बाधा हरने आए।
हम पूजें जिन प्रतिमाएँ, पद सादर शीश झुकाएँ।।१।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय जिनबिम्बेभ्यः जलं स्वाहा।

चन्दन से गंध बनाए, भवताप शान्त हो जाए।
हम पूजें जिन प्रतिमाएँ, पद सादर शीश झुकाएँ।।२।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय जिनबिम्बेभ्यः चन्दनं स्वाहा।

अक्षत यह धोकर लाए, अक्षय पद पाने आए।
हम पूजें जिन प्रतिमाएँ, पद सादर शीश झुकाएँ।।३।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अक्षतान् स्वाहा।

अक्षत के पुञ्ज बनाए, यह यहाँ चढ़ाने लाए।
हम पूजें जिन प्रतिमाएँ, पद सादर शीश झुकाएँ।।४।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय जिनबिम्बेभ्यः पुष्पं स्वाहा।

नैवेद्य सरस यह लाए, मम् काम रोग नश जाए।
हम पूजें जिन प्रतिमाएँ, पद सादर शीश झुकाएँ।।५।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय जिनबिम्बेभ्य: नैवेद्यं स्वाहा।

घृत का यह दीप जलाए, तम मोह नशाने आए।
हम पूजें जिन प्रतिमाएँ, पद सादर शीश झुकाएँ।।६।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय जिनबिम्बेभ्य: दीपं स्वाहा।

हम धूप ये खेने लाए, वसु कर्म नाश को आए।
हम पूजें जिन प्रतिमाएँ, पद सादर शीश झुकाएँ।।७।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय जिनबिम्बेभ्य: धूपं स्वाहा।

फल विविध भाँति के लाए, मुक्ती फल पाने आए।
हम पूजें जिन प्रतिमाएँ, पद सादर शीश झुकाएँ।।८।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय जिनबिम्बेभ्य: फलं स्वाहा।

हम अर्घ्य विशद से लाए, पाने अनर्घ्य पद आए।
हम पूजें जिन प्रतिमाएँ, पद सादर शीश झुकाएँ।।९।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक्जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं स्वाहा।

अर्घ्यावली

दोहा–तेरह जिनगृह पूर्व के, पूज रहे हम आज।
भाते हैं यह भावना, पाएँ शिव का ताज।।

पूर्वदिक्जिनालये पुष्पांजलि क्षिपेत्।

।।चौपाई।। अञ्जन गिरि

अञ्जन गिरि अञ्जन सम जानो, जिसपै चैत्यालय शुभ मानो।
शाश्वत अकृत्रिम जिन गाए, भाव से पूजा को हम आए।।१।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् अंजनगिरि सिद्धकूट जिनालय जिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चार पूर्व दधिमुख

अञ्जन गिरि के पूरव जानो, नन्दा वापी है शुभ मानो।

दधिमुख पर चैत्यालय गाए, भाव से पूजा को हम आए।।२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् नन्दावापिकामध्यस्थित दधिमुख पर्वत सिद्धकूट जिनालय-जिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दक्षिण में नन्दावति जानो, वापी में दक्षिण दधिमुख शुभ मानो।

जिसपै चैत्यालय जिन गाए, भाव से पूजा को हम आए।।३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् नन्दवति वापिकामध्यस्थित दधिमुख पर्वत सिद्धकूट जिनालय जिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वापी नन्दोत्तरा बतलाई, पश्चिम में सोहे जो भाई।

दधिमुख पै जिनगृह जिन गाए, भाव से पूजा को हम आए।।४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् नन्दोत्तरवापिकामध्येस्थितिदधिमुख पर्वतसिद्धकुट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नन्दी घोषा वापी जानो, उत्तर दिस में पावन मानो।

दधिमुख पै जिनगृह जिन गाए, भाव से पूजा को हम आए।।५।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् नन्दीघोषावापिकामध्यस्थितदधिमुखपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आठ रतिकर

नन्दा वापी जो बतलाई, उसकी दिस ईशान कहाई।

रतिकर पर चैत्यालय गाए, भाव से पूजा को हम आए।।६।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् नन्दवापिकाईशानकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट जिनालयबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नन्दावती के शुभ जानो, आग्नेय जिसमें शुभ मानों।

रतिकर पर चैत्यालय गाये, भाव से पूजा को हम आए।।७।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् नन्दावापिकाआग्नेयकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नन्दावति वापी जो गाई, उसके आग्नेय में भाई।

रतिकर पर चैत्यालय सोहें, भवि जीवों के मन को मोहें।।८।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् नन्दावतीवापिका आग्नेयकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट

जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नन्दावपि वापी के भाई, रतिकर नैऋत्य में सुखदायी।
जिसपै चैत्यालय जिन सोहें, भवि जीवों के मन को मोहें।।९।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् नन्दवतीवापिकानैऋत्यकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नन्दोत्तरा वापी के जानो, नैऋत्य में रतिकर पहिचानो।
जिसपै जिनगृह श्री जिन गाए, भाव से पूजा को हम आए।।१०।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिम नन्दोत्तरावतिवापिनैऋत्यकोंणे मध्यस्थित पश्चिम दधिमुख पर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नन्दोत्तरा वापी शुभ गाई, पश्चिम में रतिकर है भाई।
जिसपै जिनगृह श्री जिन गाए, भाव से पूजा को हम आए।।११।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् नन्दोत्तरावापिकावायव्यकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नन्दी घोष वापी जानो, वायव्य कोण में रतिकर मानो।
जिसपै चैत्यालय जिन गाए, भाव से पूजा को हम आए।।१२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वदिक् नन्दीघोषावापिवायव्यकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वापी नन्दी घोषा गाई, दिश ईशान में रतिकर भाई।
जिसपै जिनगृह श्री जिन गाए, भाव से पूजा को हम आए।।१३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे नन्दीघोषावापिकाईशानकोंणेरतिकरपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

त्रयोदश है श्री जिनके धाम, शोभते हैं अतिशय अभिराम।
विशद जिनबिम्ब रहे सिवधाम, चरण में जिनके विशद प्रणाम।।१४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरदीपे पूर्वदिक् जिनालय जिनबिम्बेभ्यो: अर्घ निव. स्वाहा।

जयमाला

दोहा—जिन प्रतिमा तीर्थेश की, दर्शायक शिव पंथ।
अत: पूजते देवगण, सुर नर मुनि सब संत।।

(छन्द लावनी)

हे तीर्थंकर! लख शांत स्वरूप तुम्हारा।
चित् शांत हुआ है, करके दर्श हमारा।।टेक।।

है द्वीप आठवां नन्दीश्वर मनहारी, हैं पावन जिन गृह जिसमें मंगलकारी।
अद्भुत महिमा है जिनकी विस्मयकारी, जिनबिम्ब शोभते जिनमें अतिशयकारी।।
अनुपम प्रभुता महात्म्य है जग से न्यारा...।।चित्...१।।

कार्तिक फाल्गुन माह अषाढ़ में जानों, हों पर्व अठाई तीनों माह में मानों।
तव देव इन्द्र परिवार सहित सब जावें, जो पूजा भक्ती करके पुण्य कमावें।।
न भक्ती बिन है देवों को कोई चारा...।।चित्...२।।

है द्वीप के पूरव में अंजन गिरि भाई, जो अंजन जैसी श्याम रंग की गाई।
जिसके चारों दिश चार वापियाँ जानो, दधिमुखशुभ जिनके मध्य धवल हैं मानों।।
है ढोल पोल सम गिरियों का आकारा...।।चित्...३।।

दो कोंण वापियों के जो बाह्य कहएँ, रतिकर गिरियाँ रतिसम शोभा कोपाएँ।
ये तेरह जिनगृह पूरब दिश में गाए, जिनकी अर्चाकर प्राणी हर्ष मनाए।।
बोलें प्रत्यक्ष परोक्ष सभी जयकारा...।।चित्...४।।

गुणगान करें हम जिनबिम्बों का कैसे, हैं ज्ञानमूर्ति अरहंत प्रभू के जैसे।
हम जिनदर्शन कर निज आतम को ध्याएँ, परभाव शून्य शिवरूप परम पद पाएँ।।
हम पाएँ भव-भव में प्रभु आप सहारा...।।चित्...५।।

(घत्ता छन्द)

प्रभु के गुण गाएँ, भाव से ध्यायें, निज स्वभाव में लीन भये।
रागादि विनशे, ज्ञान प्रकाशे, कर्म महारिपु आप क्षये।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्विपञ्चासत जिनालय जिनबिम्बेभ्योः जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा–नन्दीश्वर शुभ द्वीप की, महिमा अपरम्पार।
पूज रहे हम भाव से, जिनगृह बारम्बार।।

पुष्पांजलि क्षिपेत्

दक्षिण दिश जिनालय पूजन

गोलाकार द्वीप नन्दीश्वर, जिसमें दक्षिण दिश शुभकार।
अंजन गिरि है मध्य-चतुर्दिश, सजल वापिकाएँ मनहार।।
जिनमें दधिमुख शोभा पावें, जिनके बाह्य कोणों में जान।
रतिकर गिरियों में जिनमंदिर, का हम करते हैं आह्वान।।

दोहा–तेरह जिनगृहपूर्व के, पूज रहे हम आज।
पूजा करते भाव से, पाने शिव साम्राज।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणजिनालय अत्र अवतर अवतर संवौषट् (आह्वाननं)
ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणजिनालय अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः (स्थापनं)
ॐ ह्रीं नन्दीश्वर द्वीपे दक्षिणजिनालय अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् (सन्निधापनं)

(चाल छन्द)

कूप का नीर यह लाए, रोग त्रय नाश हो जाए।
श्री जिनधाम शुभकारी, पूजते श्रेष्ठ मनहारी।।१।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः जलं स्वाहा।

गंध सुरभित बना लाए, भवातप नाश को आए।
श्री जिनधाम शुभकारी, पूजते श्रेष्ठ मनहारी।।२।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः चन्दनं स्वाहा।

सुअक्षत श्वेत यह लाए, सुपद अक्षय जो मिल जाए।
श्री जिनधाम शुभकारी, पूजते श्रेष्ठ मनहारी।।३।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः अक्षतान् स्वाहा।

पुष्प पूजा को यह लाए, क्षुधा रुज शांत हो जाए।
श्री जिनधाम शुभकारी, पूजते श्रेष्ठ मनहारी।।४।।

ॐ ह्री नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः पुष्पं स्वाहा।

सुघृत का दीप प्रजलाए, मोह तम पूर्ण नश जाए।
श्री जिनधाम शुभकारी, पूजते श्रेष्ठ मनहारी।।५।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: नैवेद्यं स्वाहा।

धूप अग्नी में प्रजलाए, कर्म से मुक्ति मिल जाए।
श्री जिनधाम शुभकारी, पूजते श्रेष्ठ मनहारी।।६।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: धूपं स्वाहा।

सुफल पूजाको यह लाए, मोक्ष फल प्राप्त हो जाए।
श्री जिनधाम शुभकारी, पूजते श्रेष्ठ मनहारी।।७।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: फलं स्वाहा।

विशद हम अर्घ्य यह लाए, सुपद शाश्वत को हम आए।
श्री जिनधाम शुभकारी, पूजते श्रेष्ठ मनहारी।।८।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं स्वाहा।

अर्घ्यावली

दोहा–दक्षिण के जिनगृह यहाँ, पूज रहे हम आज।
भाते हैं यह भावना, पाएँ शिव का ताज।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वर द्वीपे दक्षिणदिक्स्थित जिनमन्दिरेभ्य: पुष्पांजलि क्षिपेत्।।

अंजनगिरि-मोतिया दाम

द्वीप नन्दीश्वर दक्षिण जान, श्रेष्ठ अञ्जन गिरि रही महान।
रहा जिसपै श्री जिन का धाम, श्री जिनवर के चरण प्रणाम।।१।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि अंजनगिरिसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चार दधिमुख

श्रेष्ठ अञ्जन गिरि के पहचान, पूर्व में अरजा वापी मान।
रहा दधिमुख पै श्री जिनधाम, श्री जिनवर के चरण प्रणाम।।२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि अरजावापिकामध्यदधिमुखपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रेष्ठ आञ्जन गिरि के शुभ जान, वापी विरजा दक्षिण में मान।
रहा दधिमुख पै श्री जिनधाम, श्री जिनवर के चरण प्रणाम।।३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपेदक्षिणदिशि विरजावापिकामध्यदधिमुखपर्वतसिद्धकूट

जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुगिरि अञ्जन के पश्चिम जान, अशोका वापी रही प्रधान।
रहे दधिमुख पै श्री जिनधाम, श्री जिनवर के चरण प्रणाम।।४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि अशोकावापिकामध्यदधिमुखपर्वत सिद्धकूटजिनालयजिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वापी अरजा के शुभ ईशान, कोंण में रतिकर रहा महान।
रहा जिसके ऊपर जिनधाम, श्री जिनवर के चरण प्रणाम।।५।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि वीतशोकावापिकामध्यदधिमुखपर्वत सिद्धकूटजिनालययजिनबिंबेभ्ये: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट रतिकर

अचल अंजन के उत्तर जान, वीत शोका शुभ मान।
रहे दधिमुख पै श्रीजिनधाम, चरण में जिनके विशद प्रणाम।।६।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि, अरजावापिकाईशानकोंणेरतिकरपर्वत सिद्धकूटजिनालयजनिबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वापि अरजा के आग्नेय जान, रहा रहितकर गिरि महिमावान।
रहा जिसके ऊपर जिनका धाम, श्रीजिनवर के चरण प्रणाम।।७।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि अरजावापीका आग्नेयकोंणेरतिकर पर्वत्तसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वापि विरजा के दिश आग्नेय, कोंण में रतिकर गिरि है ध्येय।
रहा जिसके ऊपर जिनधाम, श्री जिनवर के चरण प्रणाम।।८।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि विरजावापीका आग्नेयकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वापि विरजा के नैऋत्य जान, कोंण में रतिकर रहा महान।
श्रेष्ठ जिसके ऊपर जिनधाम, श्री जिनवर के चरण प्रणाम।।९।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणादिशि विरजावापीकानैऋत्यकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अशोका वापी के नैऋत्य, कोंण में रतिकर के आश्रित्य।
रहे अकृत्रिम श्री जिनधाम, श्री जिनवर के चरण प्रणाम।।१०।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि अशोकावापीकानैऋत्यकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धिकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अशोका वापी के वायव्य, कोंण में रतिकर है अतिभव्य।
रहे जिसपै जिनगृह भगवान, चरण में जिनके विशद प्रणाम।।११।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि अशोकावापीकावायव्यकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वीतशोका वापी है भव्य, कोण जिसका जानो वायव्य।
रहे रतिकर पै श्री जिनधाम, चरण में जिनके विशद प्रणाम।।१२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि वीतशोकावापीकावायव्यकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वीतशोका वापी शुभ जान, कोंण जिसका है शुभ ईशान।
रहे रतिकर पै श्री जिनधाम, चरण में जिनके विशद प्रणाम।।१३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे दक्षिणदिशि वीतशोकावापीईशानकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चौपाई

तेरह जिनग्रहपूर्व के जानो, अकृत्रिम शाश्वत जो मानो।
जिसपे जिनग्रह श्रीजिनग्रह गायें, भाव से पूजा को हम आये।।१४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरदीपे दक्षिणदिश जिनालय जिनबिम्बेभ्यो: अर्घ निव. स्वाहा।

जयमाला

दोहा–अकृत्रिम जिनबिम्ब शुभ, वीतरागता वान।
जयमाला गाते विशद, करते हैं यशगान।।

(नरेन्द्र छन्द)

नित्य निरंजन परम ज्ञानमय, कल्पतरु रत्नाकर।
आप अलौकिक वीतराग मय, चित् चैतन्य सुधाकर।।
मंगलमय मंगल कारक हैं, विशद ज्ञान के दाता!
त्रिभुवन पति सुरनर से पूजित, जग जीवों के त्राता।।१।।

जो तुम वचन सुधारस पावें, उनके दुख नश जावें।
जो तुम चरण कमल कों पूजें, जग में पूजा पावें।।
जो तुम आज्ञा पालें उनकी, कोई न आज्ञा टालें।
चित्त में ध्यावें भक्ति भाव से, जग जन उनको ध्यावें।।२।।
मध्य लोक के मध्य द्वीप में, जम्बूदीप कहावे।
उसके आगे द्वीप आठवां, नन्दीश्वर कहलावे।।
जिसके दक्षिण भाग में तेरह, जिनगृह शाश्वत गाये।
अंजन गिरि दधिमुख रतिकर शुभ पावन संज्ञा पाये।।३।।
मन से भक्ति करें जो भविजन, मन निर्मल हो जावें।
वचनों से संस्तव जो पढ़ते, वचन सिद्धि वे पावें।।
तन से जो प्रणमन करते हैं, तन के रोग नशावें।
तीन योग से वन्दन करके, कर्मों से बच जावें।।४।।
दोहा–जिनगृह में जिनचैत्य हैं, मंगलमयी महान।
विशद भाव से हम यहाँ, करते हैं यशगान।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्विपञ्चातजिनालय जिनबिम्बेभ्योः जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा–नन्दीश्वर शुभ द्वीप की, महिमा अपरम्पार।
पूज रहे हम भाव से, जिनगृह बारम्बार।।

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

पश्चिम दिश जिनालय पूजन

स्थापना

गोलाकार द्वीप नन्दीश्वर, जिसकी पश्चिम दिश शुभकार।
अंजनगिरि है मध्य चतुर्दिश, सजल वापिकाएँ मनहार।।
जिन में दधिमुख शोभा पावें, जिनके बाह्य कोणों में जान।
रतिकर गरियों में जिनमंदिर, का हम करते हैं आह्वान।।

दोहा–तेरह जिनगृहपूर्व के, पूज रहे हम आज।
पूजा करते भाव से, पाने शिव साम्राज।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमजिनालय अत्र अवतर अवतर संवौषट् (आह्वाननं)
ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमजिनालय अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः (स्थापनं)
ॐ ह्रीं नन्दीश्वर द्वीपे पश्चिमजिनालय अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् (सन्निधापनं)

पूजन (चौपाई)

यमुना का शुभ नीर चढ़ाएँ, रोग जरादिक पूर्ण नशाएँ।
नन्दीश्वर की जिन प्रतिमाएँ, विशद भाव से पूज रचाएँ।।१।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः जलं स्वाहा।

चन्दन केसर सहित चढ़ाएँ, भवाताप से मुक्ती पाएँ।
नन्दीश्वर की जिन प्रतिमाएँ, विशद भाव से पूज रचाएँ।।२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः चन्दनं स्वाहा।

साबुत अक्षत धवल चढ़ाएँ, अक्षय पदवी को हम पाएँ।
नन्दीश्वर की जिन प्रतिमाएँ, विशद भाव से पूज रचाएँ।।३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः अक्षतान् स्वाहा।

सुरभित पुष्प चढ़ा हर्षाएँ, काम रोग अपना विनशाएँ।
नन्दीश्वर की जिन प्रतिमाएँ, विशद भाव से पूज रचाएँ।।४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः पुष्पं स्वाहा।

सरस शुद्ध नैवेद्य चढ़ाएँ, क्षुधा रोग से मुक्ती पाएँ।
नन्दीश्वर की जिन प्रतिमाएँ, विशद भाव से पूज रचाएँ।।५।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः नैवेद्यं स्वाहा।

घृत के पावन दीप जलाएँ, आरति करके मोह नशाएँ।
नन्दीश्वर की जिन प्रतिमाएँ, विशद भाव से पूज रचाएँ।।६।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्यः दीपं स्वाहा।

अग्नी में यह धूप जलाएँ, अष्ट कर्म से मुक्ती पाएँ।

नन्दीश्वर की जिन प्रतिमाएँ, विशद भाव से पूज रचाएँ।।७।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: धूपं स्वाहा।

फल ताजे हम यहाँ चढ़ाएँ, मोक्ष महा पदवी हम पाएँ।

नन्दीश्वर की जिन प्रतिमाएँ, विशद भाव से पूज रचाएँ।।८।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: फलं स्वाहा।

अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाएँ, पद अनर्घ्य पाके शिव जाएँ।

नन्दीश्वर की जिन प्रतिमाएँ, विशद भाव से पूज रचाएँ।।९।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्वापञ्चाथजिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं स्वाहा।

अर्घ्यावली

अञ्जन गिरि (पद्धड़ि छन्द)

जय नन्दीश्वर जानो महान, जिसकी पश्चिम दिश में प्रधान।

अञ्जन गिरि पै जिनगेह जान, जिसके जिनपद में है प्रणाम।।१।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि अंजनगिरिसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चार दधिमुख

शुभ अञ्जन गिरि के पूर्व जान, विजया वापी सोहे महान।

जिसमें दधिमुख की अलग शान, जिसपै जिनगृह जिन पद प्रणाम।।२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि विजयावापीकामध्यधिमुखपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अञ्जन गिरि के दक्षिण महान, वापी वैजयन्ती शोभमान।

जिसमें दधिमुख पर जैन धाम, जिनपद में है मेरा प्रणाम।।३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि वैयजन्तीवापीकामध्यदधिमुखपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अञ्जन गिरि के पश्चिमी जान, शुभ वापि जयन्ती रही मान।

दधिमुख में सोहे जैन धाम, जिनके जिनपद में है प्रणाम।।४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि जयन्तीवापीमध्यदधिमुखपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गिरि अंजन के उत्तर प्रधान, अपराजित वापी है महान।

जिसके दधिमुख पै जैन धाम, निजपद में है मेरा प्रणाम।।५।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि अपराजितावापीमध्यदधिमुखपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट रतिकर

विजया वापी दिश में ईशान, रतिकर गिरि जिसमें है प्रधान।

जिसपै जिनगृह है शोभमान, जिनपद में मेरा शत प्रणाम।।६।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि विजयावापीईशानकोंणेरतिकरपर्वत सिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विजयवापि आग्नेय जान, रतिकर द्वितिय सोहे महान।

जिसपै सोहे श्री जैन धाम, जिनपद में है मेरा प्रणाम।।७।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि विजयावापीआग्नेयकोंणेरतिकरपर्वत सिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

वापी वैजयन्ती है विशेष, आग्नेय में रतिकर पै जिनेश।

वेदी में होते शोभमान, जिसके जिनपद में है प्रणाम।।८।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि वैजयंतीवापीआग्नेयकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धखूटजिालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वापी वैजयन्ती है प्रधान, नैऋत्य में रतिकर है महान।

जिसपै सोहे श्री जैनधाम, जिनपद में है मेरा प्रणाम।।९।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि वैजयंतीवापीनैऋत्यकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धखूटजिालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है वापी जयन्ती के वायव्य, शुभ कोंण में रतिकर रहा भव्य।

जिसपै सोहे, श्री जैनधाम जिनपद में है मेरा प्रणाम।।१०।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि जयंतीवापीनैऋत्यकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है वापी जयन्ती का प्रधान, नैऋत्य कोंण अति शोभमान।

रतिकर पै सोहें जैन धाम, जिनपद में है मेरा प्रणाम।।११।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि जयंतीवापीवायव्यकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अपराजित वापी के वायव्य, दिश में रतिकर गिरि रहा भव्य।
जिसपै सोहे, श्री जिनधाम, जिनपद में है मेरा प्रणाम।।१२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि अपराजितवापीवायव्यकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अपराजित वापी के ईशान, दिश में रतिकर है शोभमान।
जिसपै सोहे, जिनवरधाम, जिनपद में है मेरा प्रणाम।।१३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि अपराजितवापीईशानकोंणेरतिकर पर्वतसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तर के तेरह जिनगृह, पूज रहे हम धार सनेह।
जिसपै सोहें, श्रीजनधाम, जिनपद मेरा 'विशद' प्रणाम।।१४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे पश्चिमदिशि त्रयोदश जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा—शाश्वत श्री जिनबिम्ब हैं, अतिशय महिमावान।
भाव सहित जिनका विशद, करते हैं गुणगान।।

(जोगीराशा-छन्द)

वीतराग अविकारी जिनवर, निज स्वरूप प्रगटाते।
धन्य बिम्ब उपकारी जिनके, निज स्वरूप दिखलाते।।टेक।।
भटक रहे हम चाह दाह में, सुख का लेश ना पाए।
मंद कषायी होकर अंतिम, ग्रीवक तक हो आए।
निज की सुधि जागी हे प्रभुवर!, पास आपके आये।।१।।
वीतराग अविकारी...
सिद्ध शुद्ध स्वभाव हमारा, यह रहस्य प्रगटाया।
किन्तु मोहवश भ्रमित हुए जग, निज को जान न पाया।

जिन दर्शन से निजका दर्शन, पाने को हम आए।।२।।
वीतराग अविकारी...
रत्नत्रय आभूषण सांचा, प्रभु ने यही बताया।
विशद धर्म सुख शांति प्रदायक, पाओं उसकी छाया।
भव्य निहारें उसे जीव जो, निज को स्वयं निहारे।।३।।
वीतराग अविकारी...
आप नहीं देते कुछ भी पर, भक्त आपसे लेते।
दर्शन कर उपदेश श्रवण कर, अमृत घट भर लेते।
परम ज्योति उद्योतित करके, भव्य जीव कई तारे।।४।।
वीतराग अविकारी...
है आश्चर्य जनक प्रभु महिमा, जग जन की हितकारी।
उभय लोक सुख विशद प्राप्त हो, पूजा कर मनहारी।
सुनकर महिमा प्रभू आपकी, आए आपके द्वारे।।५।।
वीतराग अविकारी...

दोहा–परम पूज्य परमात्मा, तीन लोक के ईश।
शिव पद पाने के लिए, झुका रहे पद शीश।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशतजिनालय जिनबिम्बेभ्यो: जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा–नन्दीश्वर शुभ द्वीप की, महिमा अपरम्पार।
पूज रहे हम भाव से, जिनगृह बारम्बार।।

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

उत्तर दिशा पूजन

स्थापना

गोलाकार द्वीप नन्दीश्वर, जिसकी उत्तर दिश शुभकार।
अंजनगिरि है भव्य चतुर्दिश, सजल वापिकाएँ मनहार।

जिनमें दधिमुख शोभा पावें, जिनके बाह्य कोणों में जान।
रतिकर गिरियों में जिन मंदिर, का हम करते हैं आह्वान।।
दोहा–जिनगृह उत्तरदिशा के, पूज रहे हम आज।
पूजा करते भाव से, पाने शिव साम्राज्य।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय अत्र अवतर अवतर संवौषट् (आह्वाननं)
ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः (स्थापनं)
ॐ ह्रीं नन्दीश्वर द्वीपे उत्तरदिग्जिनालय अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् (सन्निधापनं)

(सखी छन्द)

यह नीर तपाकर लाए, त्रय रोग नशाने आए।
हम जिन पद पूज रचाएँ, त्रय योग से महिमा गाएँ।।१।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय जिनबिम्बेभ्यः जलं निर्व. स्वाहा।

चंदन से गंध बनाए, भव ताप नाश हो जाए।
हम जिन पद पूज रचाएँ, त्रय योग से महिमा गाएँ।।२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय जिनबिम्बेभ्यः चन्दनं निर्व. स्वाहा।

अक्षय यह धवल चढ़ाएँ, अक्षय पदवी को पाएँ।
हम जिन पद पूज रचाएँ, त्रय योग से महिमा गाएँ।।३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय जिनबिम्बेभ्यः अक्षतान् निर्व. स्वाहा।

यह पुष्प चढ़ाने लाए, क्षय काम रोग हो जाए।
हम जिन पद पूज रचाएँ, त्रय योग से महिमा गाएँ।।४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय जिनबिम्बेभ्यः पुष्पं निर्व. स्वाहा।

नैवेद्य सरस यह लाए, हम क्षुधानाश को आए।
हम जिन पद पूज रचाएँ, त्रय योग से महिमा गाएँ।।५।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय जिनबिम्बेभ्यः नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

यह दीप जलाकर लाए, मम् मोहनाश हो जाए।
हम जिन पद पूज रचाएँ, त्रय योग से महिमा गाएँ।।६।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय जिनबिम्बेभ्यः दीपं निर्व. स्वाहा।

हम धूप जलाने लाए, मम कर्मनाश हो जाए।
हम जिन पद पूज रचाएँ, त्रय योग से महिमा गाएँ।।७।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय जिनबिम्बेभ्य: धूपं निर्व. स्वाहा।

फल यहाँ चढ़ाने लाए, मुक्ती फल पाने आए।
हम जिन पद पूज रचाएँ, त्रय योग से महिमा गाएँ।।८।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय जिनबिम्बेभ्य: फलं निर्व. स्वाहा।

यह अर्घ्य चढ़ा हर्षाएँ, हम पद अनर्घ्य पा जाएँ।
हम जिन पद पूज रचाएँ, त्रय योग से महिमा गाएँ।।९।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिग्जिनालय जिनबिम्बेभ्य: अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

अर्घ्यावली

अज्जनगिरि

दोहा–उत्तर के जिनगृह विशद, पूज रहे हम आज।
भाते हैं यह भावना, पाएँ शिव का ताज।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वर द्वीपे उत्तरदिग्जिनालय जिनमन्दिरेभ्य: पुष्पांजलि क्षिपेत्।।

दोहा

नंदीश्वर उत्तर दिशा, अञ्जन गिर शुभकार।
जिनगृह जिसपै पूजते, भाव से बारम्बार।।१।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि अंजनगिरिसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दधिमुख

अञ्जन गिरि के पुर्व है, रम्या वापी महान।
दधिमुख गिरि के शीश पै, पूज रहे भगवान।।२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि रम्यावापी दधिमुख पर्वतसिद्धकूट जिनालयजिबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अञ्जन गिरि दक्षिण दिशा, रमणीया है नाम।
वापी में दधिमुख उपरि, जिन पद विशद प्रणाम।।३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि रमणीयावापीमध्यदधिमुखपर्वतसिद्धकूट

जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अञ्जन गिरि पश्चिम दिशा, वापी सुप्रभ जान।

दधिमुख पै जिनगृह जिन, का करते गुणगान।।४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि सुप्रभावापीमध्यदधिमुखपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्वतोभद्रा वापि है, उत्तर दिश की ओर।

दधिमुख के जिनधाम जिन, पूजें भाव विभोर।।५।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि सर्वतोभद्रावापीमध्यदधिमुखपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट रतिकर

रम्या वापी का विशद, कोंण रहा ईशान।

रतिकर गिरि के शीश पै, पूज रहे भगवान।।६।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि रम्यावापीईशानयकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रम्या वापी की दिशा, आग्नेय शुभकार।

रतिकर के जिनगेह जिन, पूज रहे मनहार।।७।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि रम्यावापीआग्नेयकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रमणीया आग्नेय में, रतिकर रहा महान।

जिस पर जिनगृह हैं रहे, जो हैं पूज्य प्रधान।।८।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि रमणीयवापीआग्नेयकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट जिनालजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रमणीया वायव्य में, रतिकर पै जिनधाम।

जिनबिम्बों के पद युगल, मेरा विशद प्रणाम।।९।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि रम्यावापीनैऋत्यकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट

जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वापी सुप्रभा के रहा, नैऋत्य कोंण विशेष।

रतिकर पै जिनधाम जिन, पूज रहे अवशेष।।१०।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि सुप्रभावापीनैऋत्यकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वापी सुप्रभा कोंण में, दिशा रही वायव्य।

रतिकर पै जिनधाम जिन, पूज रहे हैं भव्य।।११।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि सुप्रभावापीवायव्यकोंणे रतिकरपर्वतसिद्धकूट जिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्वतोभद्रा वापि का, कोंण रहा वायव्य।

रतिकर पै जिन धाम जिन, पूज रहे हम भव्य।।१२।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि सर्वतोभद्रावापीवायव्यकोंणे रतिकर पर्वतसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्वतोभद्रा वापि की, दिशा कही ईशान।

रतिकर पै जिनधाम जिन, का करते गुणगान।।१३।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि सर्वतोभद्रावापीईशानकोंणे रतिकर पर्वतसिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तरदिश में शोभते, तेरह श्री जिनधाम।

पूज रहे हम भाव से, जिन पद विशद प्रणाम।।१४।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे उत्तरदिशि त्रयोदश जिनालय जिनबिम्बेभ्यो: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा—नन्दीश्वर शुभ द्वीप में, हैं जिनगेह महान।
जिन प्रतिमाओं का यहाँ, करते हम गुणगान।।

(ज्ञानोदय छन्द)

रत्नमयी है दीप मनोहर, जिनगृह ही शाश्वत गाए।
हैं द्वीप के उत्तर दिशि पावन, अंजनगिरि अंजन सम पाए।।
हैं चार वापियाँ चारों दिश, दधिमुख जिनमें शुभकारी हैं।
उनके भी बाह्य कोंण रतिकर, दो-दो रति सम मनहारी हैं।।१।।
तेरह जिनगृह उत्तर दिश में, जिनकी महिमा का पार नहीं।
जिनबिम्ब अकृत्रिम रत्नमयी, ना दिखते ऐसे अन्य कहीं।।
मंदिर के तीन कोट बेढ़े, चउ दिश में गोपुर द्वार कहे।
प्रतिबीथी मानस्तभ श्रेष्ठ, प्रति वीथी नव स्तूप रहे।।२।।
मणि कोट प्रथम के अन्तराल, वन भूमि लताएँ शुभकारी।
परकोट द्वितीय के मध्य श्रेष्ठ, ध्वज फहरायें मंगलकारी।।
परकोट तृतिय के बीच चैत्य, भू अतिशायी शोभा पाए।।
सिद्धार्थ वृक्ष अरु चैत्य वृक्ष, जिनबिम्ब सहित शुभ बतलाए।
प्रति मंदिर में हैं गर्भ सुगृह, जो एक सौ आठ-आठ गाए।।३।।
सिंहासन पर जिनबिम्ब विशद, अतिशयकारी शोभा पाए।
हैं बिम्ब पाँच सौ धनुष तुंग, पद्मासन वीतराग धारी।।
शुभ चँवर ढौरते यक्ष युगल, आजू बाजू अतिशयकारी।
शुभ श्री देवी श्रुत देवी की, प्रतिमाएँ जिनके पास रहीं।।४।।
हैं सनत कुमार सर्वाण्ह यक्ष, की मूर्ति जिसके पास कहीं।
प्रत्यक्ष दर्शकर सकें विशद, अतएव यहाँ करते अर्चन।
श्रद्धान रहे दृढ़ जिनवर में, हम करते हैं शत्-शत् वन्दन।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशतजिनालय जिनबिम्बेभ्यो: जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा–नन्दीश्वर शुभ द्वीप की, महिमा अपरम्पार।
पूज रहे हम भाव से, जिनगृह बारम्बार।।

जाप्य : ॐ ह्रीं श्री अष्टमदीपनन्दीश्वर संबंधित द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो नमः।

दोहा-नन्दीश्वर में पूर्व दिश, तेरह हैं जिन धाम।
पुष्पाञ्जलि के साथ हम, जिन पद करें प्रणाम।।

मण्डलस्योपरि...पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

अष्टम द्वीप रहा नंदीश्वर, जिसके चारों दिश शुभकार।
तेरह तेरह रहे जिनालय, रत्नमयी शुभ अपरम्पार।।
जिन प्रतिमाएँ जिनमें पावन, अकृत्रिम हे महति महान।।
अष्ट द्रव्य से पूजा करके, करते हम जिनका गुणगान।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे चतुर्दिक्संबंधद्वापशत् जिनालयेः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नंदीश्वर के चारों दिश में, पच्छपन सौ सोलह शुभकार।
शाश्वत जिन प्रतिमाएँ, पावन पूज रहे हम बारम्बार।।
तेरह तेरह रहे जिनालय, रत्नमयी शुभ अपरम्पार।
जिन प्रतिमाएँ जिनमें पावन, अकृत्रिम हैं महति महान।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशत् जिनालय मथ्यविराजमानपंचसहस्रषट्शतषोडस जिनप्रतिमाभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समुच्चय जयमाला

दोहा—नन्दीश्वर शुभ द्वीप में, जिनगृह रहे विशेष।
पूज रहे हम चतुर्दिक, जिनगृह पूज्य जिनेश।।

(ज्ञानोदय छन्द)

नंदीश्वर की चार दिशा में, कहे चार वन अति अभिराम।
पूरब दक्षिण पश्चिम उत्तर, तेरह तेरह श्री जिन धाम।।
बावन जिनगृह चारों दिश के, जिनमें सोहें जिन भगवान।
एक सौ आठ आठ जिन बिम्बों, का हम करते हैं गुणगान।।१।।
रहे चार वन जिसमें पावन, जिनकी महिमा अपरम्पार।

चम्पक आम्र अशोक सप्तछन्द, शोभा पाते हैं मनहार।।
मध्य में अञ्जन गिरि है पवन, अञ्जन सम जो रहा प्रधान।
सजल वापिका चारों दिश में, चार चार हैं महति महान।।२।।
जिनके मध्य में दधिमुख पावन, शोभा पाते हैं मनहार।
स्वर्ग लोक के देव चतुर्दिग्, अर्चा करते अपरम्पार।।
वापी से जल लाके सुरगण, न्हवन कराते अतिशय वान।
लाल रंग में शोभा पाते, अतिशय कारी रती समान।।३।।
अञ्जन गिरि है चार चार दिश, सोलह दधिमुख रहे महान।
बत्तिस रतिकर शोभा पाते, सभी ढोल की पोल समान।।
गिरियों में शोभा पाते हैं, अकृत्रिम श्री जिनके धाम।
जिनके शाश्वत जिनबिम्बों पद, मेरा बारम्बार प्रणाम।।४।।

दोहा– नन्दीश्वर में जो रहे जिनगृह जिन भगवान।
विशद भाव से आज हम, करते हैं गुणगान।।

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपसंबंधिचतुर्दिक्द्वापंचाशत्सिद्धकूटजिनालयजिनबिंबेभ्य: जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(शम्भू छन्द)

श्रद्धा भक्ती भाव प्राप्त कर, पूजा करते अपरम्पार।।
रोग शोक भव क्लेश नाशकर, हो जाते हैं भव से पार।।
तीन लोक पूजा विधान यह, पावन है सुख का आधार।।
'विशद' ज्ञान हो प्राप्त हमें हम, वन्दन करते बारम्बार।।

।।इत्याशीर्वाद:।।

●

ॐ ह्रीं नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशतजिनालय जिनबिम्बेभ्यो: समुच्चय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा–नन्दीश्वर शुभ द्वीप की, महिमा अपरम्पार।
पूज रहे हम भाव से, जिनगृह बारम्बार।।

●

प्रशस्ति

(चौपाई)

मध्य लोक में भारत देश, जिसमें गाया मध्य प्रदेश।
जिला छतरपुर रहा महान्, ग्रामकुपी जिसमें स्थान।।
सरिता बहे वराना पास, करें गाँव में सभी निवास।
वहाँ सेठ के जानो हाल, जिनका नाम भरोसे लाल।।
पुत्र हुए दो उनके श्रेष्ठ, रामचन्द्र कहलाए ज्येष्ठ।
छोटे पुत्र थे नाथूराम, सभी जानते जिनका नाम।।
जिनके पुत्र का नाम रमेश, ज्ञानी ध्यानी हुए विशेष।
विमल सिन्धु के शिष्य विराग, धर्म से जिनको था अनुराग।।
जिनका पाकर के उपदेश, दीक्षा धारे भाई रमेश।
सिद्धक्षेत्र द्रोणागिरि धाम, विशद सिन्धु पाए शुभ नाम।।
जगह-जगह मुनि किए विहार, किया आपने धर्म प्रचार।
जयपुर में जब रहा प्रवास, भरत सिन्धु के पहुँचे पास।।
जिनने दिया सुपद आचार्य, लेखन का फिर कीन्हें कार्य।
विशद सिन्धु कई लिखे विधान, जिनकी रही अलग पहिचान।।
नन्दीश्वर में हैं जिन ईश, सुर-नर पूजें जिन्हें ऋृशीष।
उनकी पूजा हेतु विधान, लिखें जगा यह भाव महान्।।
दिल्ली शहर में यमुना पार, कई जगहों पर किया विहान।
नवीन शाहदरा रहा प्रवास, गौतमपुरी है जिसके पास।।
पार्श्वनाथ जिन के पद आन, पूर्ण हुआ यह श्री विधान।
पच्चिस सौ उन्तालिस जान, कहलाया यह वीर निर्वाण।।
तीज कृष्ण वैसाख महान्, रविवार दिन रहा प्रधान।।
अक्षर पद मात्रा की भूल, ज्ञानी जन बाचें अनुकूल।।
दोहा—लघु धी से जो भी लिखा, जानो यही प्रमाण।
जिनवाणी के कथन पर, किया विशद गुणगान।।

●

अष्टान्हिका (नन्दीश्वर पर्व) चालीसा

दोहा–पर्व अठाई में सदा, देव करें प्रस्थान।
नन्दीश्वर शुभ द्वीप में, करें प्रभू गुणगान।।
चालीसा गाते यहाँ, जिनका हम शुभकार।
जिनबिम्बों के चरण में, वन्दन बारम्बार।।

चौपाई

लोकालोक अनन्त बताया, अन्तहीन आकाश कहाया।।१।।
मध्यलोक जिसमें शुभकारी, जिसकी है कुछ महिमा न्यारी।।२।।
जिसके मध्य सुमेरू गाया, जम्बूद्वीप प्रथम कहलाया।।३।।
द्वीप को सागर घेरे जानो, सागर को फिर दीप बखानो।।४।।
अष्टम है नन्दीश्वर भाई, जिसकी फैली जग प्रभुताई।।५।।
एक सौ त्रेसठ कोटि प्रमाणा, लाख चुरासी योजन माना।।६।।
पर्व अढ़ाई जब भी आवें, देव वहाँ पूजन को जावें।।७।।
जिनबिम्बों का न्हवन करावें, गंधोदक निज माथ लगावें।।८।।
चूड़ी सदृश गोला जानो, चारों दिश में जिनगृह मानो।।९।।
इक-इक दिश में तेरह गाये, बावन जिनगृह सर्व बताये।।१०।।
चारों दिश की रचना भाई, शास्त्रों में ऐसी बतलाई।।११।।
मध्य में अञ्जन गिरि शुभकारी, अञ्जन जैसी सोहे कारी।।१२।।
योजन सरस चुरासी भाई, अञ्जन गिरि की है ऊँचाई।।१३।।
रही वापिका घेरे भाई, निर्मल जल से युक्त बताई।।१४।।
चारों दिश में दधिमुख सोहे, दधि समान मन को जो मोहे।।१५।।
दश हजार योजन ऊँचाई, दधिमुख गिरियों की बतलाई।।१६।।
जिसके बाह्य कोण में भाई, रतिकर गिरियाँ हैं अतिशायी।।१७।।
लाल रंग जिनका मनहारी, योजन एक उच्च शुभकारी।।१८।।
ढोल की पोल समान बताए, सब प्रकार के पर्वत गाए।।१९।।
बावड़ियाँ चउ दिश में जानो, एक लाख योजन की मानो।।२०।।
फूल खिले जिनमें मनहारी, रत्नमयी हैं शोभा भारी।।२१।।

अञ्जन गिरि शुभ चार बताए, दधिमुख सोलह पावन गाए।।२२।।
रतिकर बत्तिस हैं मनहारी, जिन पे जिनगृह मंगलकारी।।२३।।
स्वर्ण रत्नमय आभा वाले, जिनगृह गाए श्रेष्ठ निराले।।२४।।
ध्वजा कंगूरे कलशा भाई, घंटा तोरण युत अतिशायी।।२५।।
एक सौ आठ गर्भ गृह जानो, प्रति जिनगृह में सोहें मानो।।२६।।
सिंहासन पर जिनवर सोहैं, भवि जीवों के मन को मोहें।।२७।।
प्रति जिनगृह में जिन प्रतिमाएँ, एक सौ आठ-आठ जिन गाएँ।।२८।।
नयन श्याम अरु श्वेत बताए, नख मुख लाल रंग के गाए।।२९।।
भौंह केश काले बतलाए, स्वर्ण मयी जिनबिम्ब बताए।।३०।।
बत्तिस युगल यक्ष शुभकारी, चँवर ढुराते मंगलकारी।।३१।।
श्रीदेवी श्रुतदेवी जानो, पास मूर्तियाँ जिनकी मानो।।३२।।
सर्वाह्ण यक्ष पास में गाए, सनतकुमार भी शोभा पाए।।३३।।
मंगल द्रव्य अष्ट है जानो, पास में श्री जिन के हों मानो।।३४।।
धूप घड़े सोहें शुभकारी, मणिमालाएँ मंगलकारी।।३५।।
मुखप्रेक्षा मण्डप भी सोहें, नर्तन क्रीड़ा गृह मन मोहें।।३६।।
चित्र भवन वन्दन गृह गाये, न्हवन और गुण गृह बतलाए।।३७।।
हम परोक्ष वन्दन को आए, दर्शन पाएँ भाव बनाए।।३८।।
यहाँ बैठ हम अर्चा करते, नाथ चरण में माथा धरते।।३९।।
धन्य सुअवसर हम ये पाएँ, कर्मनाश कर शिवपद पाएँ।।४०।।

दोहा–चालीसा पढ़ के 'विशद', हो अतिशय आनन्द।
जीवन सुखमय शांत हो, कर्माश्रव हो मन्द।।
पर्व अठाई में पढ़ें, सुने सुनाएँ जोय।
रोग शोक क्लेशादि भी, दूर शीघ्र ही होय।।

ज्ञानोदय छन्द

स्वच्छ स्फटिक मणि सा उज्ज्वल, मम चेतन का रूप रहा।
कर्म मलों से लिप्त हुआ जो, भव सिन्धू में डूब रहा।।
प्रभू आपकी पूजा कर्मों, की सारा कलिता धूल।
विशद आत्मा निर्मल होवे, कर्म कालिमा पूर्ण गले।।१।।

चन्दन शीतल होकर के भी, मन का पूर्ण ना ताप हरे।
मृग तृष्णा में जीवन बीते, जो तनमन को दुखित करे।।
पूजा करके प्रभू आपकी, भव का मम संताप गले।
विशद ज्ञान में प्रकट करे जो, मोक्ष महल तक साथ चले।।२।।
अक्षय अक्षत पाएँ भव-भव, अक्षय पद न प्राप्त किए।
राग द्वेष कर मोह बढ़ाकर, दुख के कड़वे घूट पिए।।
सुरभित गंध मिले पुष्पों से, नहीं तृप्त होवे नाशा।
विषय भोग में रमण करे मन, पूर्ण ना हो मन की आशा।।३।।
गड़ना ना नैवेद्यों की हो, स्वादवान पाए सारे।
फूटे घड़े समान जो फिर फिर, भर-भर करके हम हारे।
दीपप्रकाशित करता जग को, उसके तले तिमिर होवे।
मोह निशा में जीव जगत में, निज की शक्ती को खोवे।।
सुरभित धूप अग्नि में पढ़ते, श्रेष्ठ सुगन्धित धूम उड़े।
कर्मों की सेना से हरदम, यह अज्ञानी जीव घिरे।।४।।
रंग विरंगे महामनोहर, खट्टे मीठे फल पाए।
सुख माना हमने उनमें ही, मोक्षमहाफल न पाए।।
अर्घ्य चढ़ाकर अष्ट द्रव्य का, चढ़ा चढ़ा कर हम हारे।
पद अनर्घ्य पाने हे स्वामी!, आये हम तुमरे द्वारे।।
दोहा—नन्दीश्वर शुभ द्वीप में, वावन जिनगृह श्रेष्ठ।
विशद भाव से पूजते, श्री जिनबिम्ब यथेष्ठ।।

●

नन्दीश्वर की आरती

(तर्ज : शांति अपरम्पार है...)
नन्दीश्वर अविराम है, बावन शुभ जिन धाम हैं,
जिन चरणों की आरति करके, करते विशद प्रणाम हैं।
प्रथम आरती अंजनगिरि की, चतुर्दिशा में सोहें जी-२

जिन चैत्यालय चैत्य हैं उन पर, सबके मन को मोहें जी- २।।नन्दीश्वर...
अंजनगिरि के चतुर्दिशा में, बावड़िया शुभ जानो जी- २
स्वच्छ नीर से भरी हुई हैं, अतिशय कारी मनो जी। नन्दीश्वर...
मध्य बावड़ी के हैं दधिमुख, अतिशय मंगलकारी जी- २
उनके ऊपर जिन चैत्यालय, प्रतिमाएँ मनहारी जी- २।। नन्दीश्वर...
बावड़ियों के बाह्य कोंण पर, रतिकर विस्मयकारी जी- २
उनके ऊपर जिन चैत्यालय, प्रतिमाएँ मनहारी जी- २।। नन्दीश्वर...
शाश्वत जिनगृह जिनबिम्बों की, आरती करने आये हैं- २
'विशद' अर्चना के परोक्ष ही, हमने भाव बनाएँ हैं।। नन्दीश्वर...

नन्दीश्वर द्वीप स्तुति

(तर्ज : श्री सिद्धचक्र का पाठ करो...)

श्री नन्दीश्वर का पाठ, करो दिन आठ, विशद मनहारी।
जो रहा कर्म क्षयकारी।।टेक।।

जब पर्व अठाई आते हैं, सुर नन्दीश्वर में जाते हैं।
सब प्रभु की भक्ति करते अतिशयकारी,-जो रही कर्म क्षयकारी।।१।।
हैं अकृत्रिम जिन प्रतिमाएँ, जो वीतरागता दर्शाएँ।
जिनकी मुद्रा है पावन शुभ अविकारी, जो रही कर्म क्षयकारी।।२।।
सुर प्रभु का न्हवन कराते हैं, जो जय-जयकार लगाते हैं।
जो करते हैं जिन पूजा मंगलकारी, जो रही कर्म क्षयकारी।।३।।
नर-मुनि ऋद्धीधर ना जावें, ना विद्याधर शक्ति पावें।
वे कृत्रिम रचना करते हैं शुभकारी, जो रही कर्म क्षयकारी।।४।।
नन्दीश्वर पूजा यह भाई, होती है पावन फलदायी।
जिन अर्चा करते हैं सुर नर अनगारी, जो रही कर्म क्षयकारी।।५।।
हम जिन पूजा करने आये, यह द्रव्य बनाकर के लाए।
प्रभु न्हवन हेतु यह भरकर लाए झारी, जो रही कर्म क्षयकारी।।६।।
हे नाथ! आपको हम ध्यायें, शिवपथ के राही बन जाएँ।
हो 'विशद' भावना पूरी आज हमारी, जो रही कर्म क्षयकारी।।७।।

●

आचार्य श्री विशदसागर जी महाराज की आरती

(तर्जः–माई री माई मुंडरे पर तेरे बोल रहा कागा...)

जय-जय गुरुवर भक्त पुकारें, आरति मंगल गावें।
करके आरती विशद गुरु की, जन्म सफल हो जावे।।

गुरुवर के चरणों में नमन् ...4 मुनिवर के...

ग्राम कुपी में जन्म लिया है, धन्य है इन्दर माता।
नाथूराम जी पिता आपके, छोड़ा जग से नाता।।
सत्य अहिंसा महाव्रती की...2, महिमा कही न जाये।
करके आरती विशद गुरु की, जन्म सफल हो जावे।।

गुरुवर के चरणों में नमन् ...4 मुनिवर के...

सूरज सा है तेज आपका, नाम रमेश बताया।
बीता बचपन जवानी, जग से मन अकुलाया।।
जग की माया को लखकर के...2, मन वैराग्य समावे।
करके आरती विशद गुरु की, जन्म सफल हो जावे।।

गुरुवर के चरणों में नमन् ...4 मुनिवर के...

जैन मुनि की दीक्षा लेकर, करते निज उद्धारा।
विशद सिंधु है नाम आपका, विशद मोक्ष का द्वारा।।
गुरु की भक्ति करने वाला...2, उभय लोक सुख पावे।
करके आरती विशद गुरु की, जन्म सफल हो जावे।।

गुरुवर के चरणों में नमन् ...4 मुनिवर के...

धन्य है जीवन, धन्य है तन-मन, गुरुवर यहाँ पधारे।
सगे स्वजन सब छोड़ दिये हैं, आतम रहे निहारे।।
आशीर्वाद हमें दो स्वामी...2, अनुगामी बन जायें।
करके आरती विशद गुरु की, जन्म सफल हो जावे।।
गुरुवर के चरणों में नमन् ...4 मुनिवर के...जय...जय।।

रचयिता : श्रीमती इन्दुमती गुप्ता, श्योपुर

●